PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 279 ● भिलाई, सोमवार 18 मई 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 का शुभारंभ

### गृह मंत्री विजय शर्मा ने किया कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**रायपुर।** प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक आधुनिक, त्वरित एवं नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 इंटीग्रेटेड इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस 2.0) का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर चलित फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एवं 400 अत्याधुनिक डायल 112 वाहन का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 प्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में एक अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से पुलिस सेवा, फायर सर्विस, मेडिकल इमरजेंसी सहायता, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन सहायता तथा हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाओं को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे नागरिकों को त्वरित एवं समन्वित सहायता सुनिश्चित हो रही है। इस उन्नत प्रणाली में केंद्रीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, जीपीएस आधारित इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन, जीआईएस आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग, ऑटोमेटिक कॉल लोकेशन पहचान प्रणाली तथा तकनीक सक्षम डिस्पैच प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। नई व्यवस्था के माध्यम से अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क दुर्घटना प्रतिक्रिया, चिकित्सकीय सहायता तथा जन-संकट की परिस्थितियों में और अधिक प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। प्रदेश में संचालित डायल 112 सेवा वर्ष 2018 से अब तक लाखों नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्रदान कर चुकी है तथा वर्तमान में इसकी सेवाएं 16 जिलों तक सीमित थी अब यह प्रदेश के सभी 33 जिलों तक विस्तारित हो जायेगी।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह चार राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ बस्तर प्रवास पर रहेंगे



**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार व मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर (जगदलपुर) दौरे पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान 19 मई को उनकी अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित होगी, जिसमें चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर पहुंचेंगे और वहां से वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर के माध्यम से नेतानार जाएंगे। नेतानार में वे सीआरपीएफ कैंप में स्थापित जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन करेंगे तथा ग्रामीणों से संवाद भी करेंगे। वहीं मंगलवार को बस्तर के एक निजी होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक आयोजित होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल होंगे। बैठक में राज्यों के बीच आपसी समन्वय, नक्सल मोर्चे की वर्तमान स्थिति, आंतरिक सुरक्षा, प्रशासनिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। नक्सलवाद के लगभग पूर्ण उन्मूलन के बाद पहली बार बस्तर में इतने बड़े स्तर की बैठक आयोजित होने जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और विकास को लेकर नई उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# भारत और नीदरलैंड ने आपसी संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटेन के साथ आधिकारिक वार्ता में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। साझा मूल्यों और आपसी विश्वास के साथ-साथ दोनों देशों के बीच बढ़ते सामंजस्य और सहयोग को देखते हुए, नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया।

उन्होंने व्यापार और निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, समुद्री क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी सामरिक साझेदारी रोडमैप अपनाने पर भी सहमति व्यक्त की। बढ़ते व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी पर ध्यान देते हुए, नेताओं ने कहा कि भारत की विकास गाथा द्वारा प्रस्तुत अवसर डच कंपनियों के लिए बेहतर व्यावसायिक संभावनाएं प्रदान करते हैं। दोनों नेताओं ने निरंतर उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। जल, कृषि और स्वास्थ्य में सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने बड़े पैमाने की जल परियोजनाओं पर सहयोग के माध्यम से 'जल पर रणनीतिक साझेदारी' को और अधिक सुदृढ़ करने पर करने पर सहमति व्यक्त की।

दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, डिजिटल स्वास्थ्य, कृषि और खाद्य सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग का भी स्वागत किया। मोदी और जेटेन ने बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के विस्तार को महत्वपूर्ण बताया। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते(भारत-ईयू एफटीए) की परिवर्तनकारी क्षमता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने इस पर जल्द हस्ताक्षर करने और इसे लागू करने का आह्वान किया।

उन्होंने यह भी पुष्टि की कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भारत-नीदरलैंड सहयोग सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन प्रदान करेगा। दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) और सेमीकंडक्टर सहित उभरती प्रौद्योगिकियों में अधिक सहयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने दोनों देशों के युवाओं की भागीदारी वाले शामिल हैकाथॉन आयोजित करने को भी प्रोत्साहित किया। नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताते हुए।

## सुशासन तिहार में रायगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री साय ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु को किया सम्मानित



**रायगढ़।** सुशासन तिहार के अवसर पर रायगढ़ प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांशु को मेडल पहनाकर तथा पुरस्कार भेंट कर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दिव्यांशु देवांगन ने मिस्र की राजधानी कायरो में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इतना ही नहीं, उन्होंने विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर रायगढ़, छत्तीसगढ़ और पूरे देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। मुख्यमंत्री ने दिव्यांशु की माता-पिता और दादी से भी मुलाकात की तथा दिव्यांशु की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि दिव्यांशु की उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांशु ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी विश्व मंच पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को हर संभव प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने भी दिव्यांशु देवांगन को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़ का नाम देश और विदेश में ऊंचा किया है।

### अनुच्छेद 123 के तहत संसद के सत्रावसान की अवधि में अधिकार

## सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यादेश जारी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी अध्यादेश जारी कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बारे में विधि एवं न्याय मंत्रालय के प्रस्ताव को पहले ही स्वीकृति प्रदान कर दी थी और इसके लिए उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या तय करने वाले कानून में संशोधन करने का निर्णय किया गया। राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत संसद के सत्रावसान की अवधि में अध्यादेश जारी करने का अधिकार है। सत्र शुरू होने पर अध्यादेश के स्थान पर सरकार को विधेयक लाना पड़ता है। फिलहाल अध्यादेश ही कानून के रूप में काम करेगा और अब चार और न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है। अध्यादेश को गजट में 16 मई को अधिसूचित कर दिया गया है। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अध्यादेश की जानकारी रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करने की मंजूरी प्रदान कर दी है इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी। इस अध्यादेश के जरिए उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत पांच मई को उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। प्रस्ताव में कहा गया था कि इसके लिए उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जायेगा।

## बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू : वैष्णव



**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु -लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कड़ी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर देते हुए बताया कि हाल के वर्षों में रेलवे के लिए मिलने वाली राशि में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है।

## ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता, रमेश ने राजनाथ को लिखा पत्र



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है।

पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश कर रही है।

### मॉस्को में यूक्रेनी ड्रोन हमला

# एक भारतीय नागरिक की मौत, तीन अन्य घायल



**मॉस्को।** रूस के मॉस्को क्षेत्र में यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए एक बड़े ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है और तीन अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को इस दुखद घटना की आधिकारिक पुष्टि की। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, मॉस्को क्षेत्र में तड़के हुए एक ड्रोन हमले में एक भारतीय श्रमिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए हैं। दूतावास के अधिकारियों ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल जाकर घायल श्रमिकों से मुलाकात की है। दूतावास ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि पीड़ितों को हर संभव आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। राजनयिक इस मामले में स्थानीय रूसी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन ने युद्ध की शुरुआत के बाद से रूसी क्षेत्र पर अपने अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक को अंजाम दिया है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात हुए इस समन्वित हमले में मॉस्को सहित कई अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उनकी वायु रक्षा प्रणालियों ने एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में 556 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में ही रोक दिया या मार गिराया। वहीं, मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि पिछले 24 घंटों के भीतर मॉस्को और उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर आ रहे 120 से अधिक ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया।

रूसी सरकारी मीडिया ने इस हमले को पिछले एक साल से अधिक समय में मॉस्को क्षेत्र पर हुआ सबसे बड़ा हमला बताया है।

रविवार सुबह मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर एंड्रे वोरोब्योव ने बताया कि राजधानी क्षेत्र पर यूक्रेनी ड्रोनों के हमले को नाकाम कर दिया गया है, लेकिन इसके मलबे से जान-माल का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि खिमकी इलाके में एक घर पर ड्रोन गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि मायतिशची शहरी जिले में एक निर्माणाधीन मकान पर ड्रोन का मलबा गिरने से दो अन्य पुरुषों की जान चली गई। इसी क्षेत्र में भारतीय श्रमिक भी हताहत हुए हैं। सुरक्षा एजेंसियां इलाके में राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

## ईरान ने अमेरिका, इजरायल पर लगाया ऊर्जा बाजार में अस्थिरता पैदा करने का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इजरायल पर वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल तेहरान के खिलाफ एक अवैध 'अपनी पसंद के युद्ध' को सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। बघाई ने अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए उसके उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि ईरान पर उनका हमला वैश्विक ऊर्जा बाजारों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के उद्देश्य से है। उन्होंने कहा कि उनकी सैन्य कार्रवाइयों ने इसके बजाय कूटनीतिक प्रयासों को बाधित किया है और महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों को खतरे में डाल दिया है। बघाई ने कहा, अपने अवैध 'अपनी पसंद के युद्ध' को उचित ठहराने के लिए फैलाया जा रहा अगला बड़ा झूठ यह दावा है कि वे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में शांति और स्थिरता बनाए रख रहे हैं।

## जनगणना 2027: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की 'सुशासन नीति' का असर छत्तीसगढ़ में 60 प्रतिशत से अधिक मकान सूचीकरण का कार्य पूरा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राज्य के सभी जिलों और नगर निगमों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों के गठन और सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में जारी आधिकारिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अब तक कुल 60.73% कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महाअभियान में डिजिटल टेक्नोलॉजी के सटीक समन्वय से कुल 48,742 ब्लॉकों में से 29,602 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य की इस प्रगति पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संतोष व्यक्त करते हुए गौरेला- पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन और प्रदेश भर के प्रगणकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आगामी जनगणना 2027 के ये आंकड़े भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण की मजबूत बुनियाद बनेंगे। डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। जिन बड़े शहरों या नगर निगमों में गति धीमी है, वहां के अधिकारी मैदानी मॉनिटरिंग बढ़ाएं और जल्द से जल्द इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गति दें। राज्य स्तर पर जिलों के प्रदर्शन को देखा जाए तो आदिवासी बहुल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला सूची में शीर्ष पर है, जिसने अपने सभी 528 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य 100त पूरा कर लिया है।

CMYK

# वट सावित्री पर्व पर सुहागन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु के लिए रखा उपवास

बेमेतरा। पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखे और वट वृक्ष की विधि पूर्वक परंपरा तरीके से पूजा अर्चना श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर आचार्य के द्वारा सती सावित्री कथा का वाचन किया गया। सुहागन महिलाओं ने विभिन्न रंगों से ओत-प्रोत परिधानो के साथ सिंगार करके नगर के विभिन्न तालाबों, गोठानो, देवालय में स्थित वट वृक्ष की पूजा के लिए जेठ माह की चिलचिलाती धूप में पहुंची। वहीं कुछ महिलाओं ने अपने घर अथवा आसपास के घरों के गमले में लगाएं गए वट वृक्ष की पूजा की गई। पूजा की शुरुआत वृक्ष में जल अर्पण करके किया गया। तदुपरांत वृक्ष में रोली अक्षत सिंदुर कुमकुम के साथ विभिन्न प्रकार के फूल चढ़ाए गए एवं शक्कर युक्त चना दाल के साथ कई तरह की फल चढ़ाया गया एवं लकड़ी अथवा प्लास्टिक का बना हुआ हाथ पंखा सुहाग के विभिन्न सामग्री के साथ वटवृक्ष को अर्पण किया गया। इसके बारे में सनातन धर्म में मान्यता



है कि वट वृक्ष की जड़ में ब्रह्मदेव तने पर भगवान विष्णु एवं पत्तों में भगवान महादेव का वास रहता है, इसलिए जेठ माह के कृष्ण पक्ष के अमावस्या के दिन सावित्री पर्व पर वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति की दीर्घायु की मन्नत मांगते हुए उपवास रखा जाता है। पूजा के बाद धूप दीप अगरबत्ती के साथ आरती किया गया और कच्चे सूत के धागे को वृक्ष को बांधा गया। इस अवसर पर कई महिलाओं के द्वारा यथाशक्ति वृक्ष का फेरा भी लिया एवं आचार्यों के द्वारा अथवा वहां पर उपस्थित महिलाओं के द्वारा ही सती सावित्री की कथा का वाचन किया गया, जिसमें बताया जाता है कि सावित्री राजकुमारी थी जिनका अपाहिज पति सत्यवान की मृत्यु होने पर सावित्री ने यमराज जी से अपने पति का प्राण अपने भक्ति और शक्ति के आधार पर ले आए थे, इसलिए इस दिन से वट सावित्री का व्रत रखा जाता है।

## वट सावित्री व्रत प्रेम, त्याग और एक पत्नी के अडिग संकल्प की विजय गाथा

धार्मिक मान्यताओं के बारे में जानकारी देते हुए पंडित श्रीनिवास द्विवेदी बताया कि वट सावित्री व्रत प्रेम, त्याग और एक पत्नी के अडिग संकल्प की विजय गाथा है। उन्होंने वट सावित्री व्रत की कथा विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, मद्र देश के राजा अश्वपति ने संतान प्राप्ति के लिए अपनी पत्नी सहित देवी सावित्री की कठोर तपस्या और विधिपूर्वक पूजन किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। देवी के नाम पर ही उन्होंने पुत्री का नाम सावित्री रखा। सावित्री के विवाह योग्य होने पर राजा अश्वपति ने उन्हें स्वयं अपना वर चुनने के लिए मंत्रियों के साथ भ्रमण पर भेजा। वहां उन्होंने निर्वासित राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को अपने पति के रूप में चुना। जब सावित्री लौटकर आई, तो उसी समय देवर्षि नारद वहां उपस्थित हुए। नारदजी ने भविष्यवाणी की कि सत्यवान अल्पायु हैं और विवाह के ठीक एक वर्ष पश्चात उनकी मृत्यु हो जाएगी। यह सुनकर राजा अश्वपति चिंतित हो गए और उन्होंने सावित्री को किसी अन्य वर को चुनने की सलाह दी, परंतु सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रहीं। उन्होंने कहा, पिताजी, कन्यादान एक ही बार होता है। अंततः उनका विवाह सत्यवान से हुआ। नारदजी से सत्यवान की मृत्यु का निश्चित समय जानकर सावित्री राजमहल त्यागकर अपने पति और दृष्टिहीन सास-ससुर की सेवा के लिए तपोवन (जंगल) में रहने लगीं। नारदजी द्वारा बताए गए समय के निकट आते ही सावित्री ने अत्यंत कठिन व्रत और तपस्या शुरू कर दी। जब नियत समय पर यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए और उन्हें अपने साथ ले जाने लगे, तो सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चलने लगीं। उनकी इस अटूट श्रद्धा और धर्म-निष्ठा को देखकर यमराज अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्हें वर मांगने को कहा। सावित्री ने विवेकपूर्वक एक-एक कर वरदान मांगे। पहले वरदान में सावित्री ने अपने नेत्रहीन सास-ससुर की आंखों की ज्योति और उनके दीर्घायु होने की कामना की। यमराज के मना करने के बावजूद पीछे आता देख, उन्होंने दूसरे वर में अपने ससुर का खोया हुआ राज्य और वैभव वापस मांग लिया। तीसरे वरदान में सावित्री ने बड़ी चतुराई और बुद्धिमानी से यम देव से 'सौ पुत्रों की माता' होने का वरदान मांगा। चूंकि वह एक पतिव्रता स्त्री थीं, इसलिए उनके इस वरदान को पूर्ण करने के लिए यमराज को विवश होकर सत्यवान के प्राण वापस करने पड़े। इस प्रकार सावित्री ने न केवल अपने पति को मृत्यु के मुख से सुरक्षित निकाला, बल्कि अपने विवेक और पतिव्रत धर्म के बल पर पूरे परिवार का उद्धार किया।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, ईट पकाने नल में लगा रहा था टुल्लू पंप



डोंगरगांव। अंचल के ग्राम पहलवान चारभांटा में शनिवार सुबह करंट लगने की एक घटना में 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 7:30 बजे की बताई गई है। दरअसल युवक ईट पकाने के लिए पानी की व्यवस्था करने टुल्लू पंप लगा रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौत होने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक युवक फिरोज ओटी पिता रज्जु राम ओटी, 35 वर्ष, पहलवान चारभांटा, कुमरदा तहसील का निवासी है। परिजनों की माने तो फिरोज कुमार ईट पकाने के कार्य के लिए पानी की व्यवस्था करने नल में टुल्लू पंप लगा रहा था। इसी दौरान अचानक वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गया। घटना के समय आसपास मौजूद परिजन सकते में आ गए। मृतक के पिता रज्जु राम ने अपने पुत्र को करंट की चपेट में देखते ही तत्काल अन्य लोगों की मदद से उसे निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

### पिता के साये से वंचित बच्चे

ग्रामीणों के अनुसार मृतक युवक फिरोज ओटी विवाहित था। मृतक की पत्नी सहित उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं।

इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक युवक परिवार का भरण पोषण करता था।

# संवेदनशील क्षेत्रों व अड्डेबाजी स्थलों पर सघन चेकिंग और लगातार पेट्रोलिंग जारी



बेमेतरा। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा सतत विजिबल पुलिसिंग एवं संवेदनशील क्षेत्रों व अड्डेबाजी स्थलों पर लगातार पेट्रोलिंग और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल सहित पेट्रोलिंग टीम एवं अन्य पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा होटल, ढाबों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं सुनसान क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की जा रही है। इस दौरान जमावड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/ अड्डेबाजी करने वालों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध वाहनों की डिक्की की तलाशी ली जा रही है तथा रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वालों की पूछताछ की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों तथा चार पहिया वाहनों के भीतर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। बेमेतरा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके और जिले में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण कायम रखा जा सके।

# समाधान महाविद्यालय में आयोजित निःशुल्क समर कैंप में डीआईजी साहू, छात्र-छात्राओं को सफलता के दिए मंत्र

## प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का किया समाधान



बेमेतरा। समाधान महाविद्यालय परिसर में आयोजित निःशुल्क समर कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में उप पुलिस महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लक्ष्य छत्तीसगढ़ समर कैंप-2026 के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने छात्र-छात्राओं को करियर निर्माण एवं लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रेरित किया। डीआईजी रामकृष्ण साहू ने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई-लिखाई एवं करियर से संबंधित विषयों पर चर्चा की तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समर्पण ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के माध्यम से प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगन एवं मेहनत के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण परीक्षा तकनीकों एवं रणनीतियों की जानकारी दी, जिससे उन्हें अपनी तैयारी को और बेहतर बनाने में सहायता मिल सके।

उनके प्रेरणादायक संबोधन से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ तथा वे अपने लक्ष्य की ओर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डीआईजी रामकृष्ण साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत एवं अनुशासन को जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि करियर की शुरुआत समय रहते करने से सफलता की राह आसान हो जाती है। विद्यार्थियों को उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए स्वयं की प्रतिभा पहचानने तथा समय का सदुपयोग करने की सीख दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर लोधी क्षत्रिय एम्प्लाइज्ड एंड इंटेलैक्चुअल्स एसोसिएशन (लक्ष्य छत्तीसगढ़) के संगठन पदाधिकारी गण में लक्ष्य प्रदेश अध्यक्ष चैनदास जंघेल, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा, दुर्जनराम जंघेल, जिला इकाई बेमेतरा के अध्यक्ष डॉ.अवधेश पटेल, सह शिक्षा प्रभारी सावित्री जंघेल, प्रचार सचिव नंदकुमार जंघेल, सविता वर्मा, एवं जिला पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से मीना की आय में हुई सात गुणा वृद्धि

महासमुंद। कहते हैं खेती में मेहनत के साथ यदि नई सोच और सही तकनीक जुड़ जाए, तो खेत भी सोना उगलने लगते हैं। जिले के पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत बरनाईदादर गांव की कृषक श्रीमती मीना पटेल ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। पारंपरिक धान की खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने आधुनिक उद्यानिकी खेती को अपनाया और ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से अभूतपूर्व सफलता हासिल की। मीना पटेल बताती हैं कि उनके पास कुल 4.13 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि है। पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती करती थीं, जिससे उन्हें सीमित आय प्राप्त होती थी। तभी उद्यान विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उन्होंने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत ग्राफ्टेड बैगन एवं टमाटर प्रदर्शन योजना का लाभ लिया और एक एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड टमाटर की खेती शुरू की। खेती में आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग का उपयोग किया गया, जिससे पानी की बचत के साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। विभाग द्वारा उन्हें 30 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया, जिससे उन्नत खेती को अपनाने में सहायता मिली। ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से श्रीमती मीना पटेल को बेहतर परिणाम प्राप्त हुए। जहां पहले धान की खेती से प्रति एकड़ लगभग 20 क्विंटल उत्पादन एवं सीमित लाभ प्राप्त होता था, वहीं अब ग्राफ्टेड टमाटर से लगभग 400 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हो रहा है। टमाटर की बिक्री पिथौरा एवं ओडिशा की मंडियों में की गई, जिससे उन्हें बेहतर बाजार मूल्य मिला। श्रीमती मीना बताती है कि धान की खेती में लगभग 36 हजार 600 रुपये तक की आय होती थी, जबकि ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से सभी लागत निकालने के बाद लगभग 2 लाख 80 हजार रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। इस प्रकार उनकी आय में लगभग सात गुना वृद्धि हुई है। इस सफलता का सकारात्मक प्रभाव आसपास के किसानों पर भी पड़ा है। अब क्षेत्र के अन्य किसान भी उद्यानिकी फसलों एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# सुहागिन श्रद्धालु महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर वटवृक्ष की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किये

दल्लीराजहरा। दल्लीराजहरा में शनिवार, ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि को सुहागिन श्रद्धालु महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर वटवृक्ष (बरगद) की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना, कथा श्रवणकर, हवन, आरती पश्चात प्रसाद वितरित किये। इसी क्रम में बीएसपी सेंट्रल टाउनशिप दल्लीराजहरा के स्ट्रीट नंबर 10, वार्ड नंबर 22 के कला मंच के समीप स्थित वट वृक्ष की वट सावित्री का व्रत रखी हुई सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मौसमी फल, फूल, मिष्ठान, सुहाग व श्रृंगार सामग्री अर्पित कर सती सावित्री व सत्यवान की पौराणिक कथा श्रवण किये तथा वट वृक्ष में कच्चा



धागा लपेटते हुए 12 फेरे लगाए तत्पश्चात पुनः वट वृक्ष के 108 फेरे लगाए।सावित्री व्रत के संबंध में वट वृक्ष की पूजा अर्चना करने पहुंची। ममता शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सभी सनातनी सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु/ दीर्घायु के लिए तथा अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री व्रत रखती है। शनिवार को ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि है और ज्येष्ठ मास अमावस्या को शनिदेव की जयंती होने के कारण उपस्थित सुहागिन महिलाओं ने समीप में स्थित पीपल वृक्ष की भी पूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर 7 फेरे लगाए तथा सभी लोगों के परिवार में सदैव उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, शांति व प्रसन्नता बनी रहे। इस बात की मंगल कामना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किए। इस अवसर पर ममता शर्मा, सीमा राजोरिया, शशि सिंह राजपूत, मीनी राजपूत, लता कुलदीप, गुड़िया गुप्ता, लीना देवांगन, प्रमिला नायक सहित अन्य महिलाएं, बच्चे व परिवार जन उपस्थित रहे।

# पलारी नगर पंचायत चुनाव का बिगुल : कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी, भाजपा ने अध्यक्ष पद पर बढ़ाया सस्पेंस

## युवा कांग्रेस नेता यानेश साहू अध्यक्ष पद के उम्मीदवार घोषित






बालोद। जिले के 9वें निकाय एवं नवगठित नगर पंचायत पलारी में पहली बार होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। पंचायत से नगर पंचायत बने पलारी में चुनावी रण पूरी तरह सज चुका है। भाजपा-कांग्रेस ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। हालांकि दोनों ही दलों ने कुछ महत्वपूर्ण सीटों पर सस्पेंस बरकरार रखते हुए राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार हो रहे इस चुनाव को स्थानीय राजनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। विकास, नई प्रशासनिक व्यवस्था, स्थानीय नेतृत्व और जातीय समीकरण इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने वाले है।

**मौत के मुहाने पर फिश केज: खरखरा हादसे ने खोली सिस्टम की पोल, बिना लाइफजैकेट गहरे पानी में उतारे जा रहे मजदूर, बुजुर्ग की मौत के बाद ठेकेदार पर एफआईआर की उठी मांग**

# बालोद जिले में संचालित फिश केजों में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी, प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल

बालोद। जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के खरखरा जलाशय में मछलियों को दाना डालने गए बुजुर्ग मजदूर सुखराम सलाम की डूबने से हुई मौत ने जिलेभर में संचालित फिश केज संचालन व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। हादसे के बाद अब मजदूरों की सुरक्षा, ठेकेदारों की लापरवाही और प्रशासनिक निगरानी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस मामले में संबंधित ठेकेदार पर गैरइरादतन हत्या का अपराध दर्ज करने की मांग तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखराम सलाम, उम्र लगभग 65 वर्ष, कांकेर जिले के अनूपपुर पारा निवासी थे और खरखरा जलाशय में मछली पालन कार्य से जुड़े मजदूर के रूप में काम कर रहे थे।



शुक्रवार को वे जलाशय के केज क्षेत्र में मछलियों को दाना डालने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और वे गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वे पानी में लापता हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। जहां शनिवार को पोस्टमार्टम पश्चात उनका अंतिम संस्कार किया गया।घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## सुरक्षा नहीं, सिर्फ जोखिम में काम

घटना के बाद सामने आए तथ्यों ने फिश केज संचालन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के गहरे पानी में काम करने भेजा जाता है। अधिकांश मजदूरों को न तो लाइफ जैकेट दी जाती है और न ही आपातकालीन बचाव प्रशिक्षण। सूत्रों के अनुसार जिस समय हादसा हुआ, उस दौरान मृतक के पास कोई सुरक्षा जैकेट मौजूद नहीं थी। इतना ही नहीं, मौके पर तत्काल रेस्क्यू के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग मजदूर ने पानी में जाने को लेकर आशंका भी जताई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कार्य करने भेज दिया गया।

## बालोद जिले के कई जलाशयों में हालात एक जैसे

स्थानीय नागरिकों और मजदूर संगठनों का कहना है कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाही का नतीजा है। बालोद जिले के विभिन्न जलाशयों में संचालित फिश केजों में सुरक्षा मानकों का पालन लगभग नाम मात्र का है। मजदूरों से बिना बीमा, बिना सुरक्षा प्रशिक्षण और बिना किसी मेडिकल सुविधा के जोखिम भरे हालात में काम कराया जा रहा है। आरोप है कि संबंधित विभागों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस निगरानी व्यवस्था नजर नहीं आती। मृतक सुखराम सलाम का बीमा केज संचालक ने करवाया था या नही यह जांच का विषय है।

## ठेकेदार और प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

घटना के बाद सामाजिक संगठनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन कराया गया होता तो एक मजदूर की जान बच सकती थी। मांग की जा रही है कि संबंधित ठेकेदार एवं प्रबंधन पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए, जिले के सभी फिश केजों की सुरक्षा ऑडिट कराई जाए, और बिना सुरक्षा मानकों के संचालित केजों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## प्रशासन की भूमिका भी कटघरे में

इस पूरे मामले में प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर फिश केज संचालन की जांच होती और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाता, तो इतना बड़ा हादसा टाला जा सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, लेकिन इस घटना ने जिले में मजदूर सुरक्षा और फिश केज संचालन व्यवस्था को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है।

वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण के लिए रखा निर्जला व्रत

# वट सावित्री व्रत पर सुहागिन महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना





दंतेवाड़ा। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को जिले भर में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ वट सावित्री व्रत एवं पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष (बरगद) की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न की।

**सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने निभाई परंपरा**-प्रातःकाल से ही महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारी की। वट वृक्ष के नीचे सत्यवान-सावित्री और यमराज का स्मरण करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने वृक्ष की जड़ों में जल अर्पित किया तथा रोली, अक्षत, पुष्प, धूप, भिगोया हुआ चना और श्रृंगार सामग्री चढ़ाई।

**वट वृक्ष को बांधा रक्षासूत्र, की सात परिक्रमा**-पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष के तने पर कच्चा सूत और रक्षासूत्र बांधते हुए सात बार परिक्रमा की। इसके बाद सत्यवान-सावित्री की कथा श्रवण कर पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

**सावित्री के अटूट संकल्प का प्रतीक है व्रत**- पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, तप और पतिव्रता धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। उसी घटना की स्मृति में विवाहित महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगती हैं।

**नगर के वट वृक्षों पर उमड़ी श्रद्धालुओं माता बहनों की भीड़**-दंतेवाड़ा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। नगर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित प्राचीन वट वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। पूजा स्थलों पर दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा और महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

## सड़क बनी चमचमाती, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम फेल, प्री मॉनसून की बारिश में डूबा केशकाल



**केशकाल।** शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग का नवीनीकरण कार्य भले ही पूरा हो चुका हो, लेकिन नाली सफाई और पानी निकासी को लेकर अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं किए जाने से आम जनता भारी परेशानियों का सामना कर रही है। शनिवार दोपहर आई तेज़ आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने शहर की बदहाल ड्रेनेज व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दी। महज़ आधे घंटे की बारिश में सड़क किनारे पानी भर गया, कई जगह नालियां जाम हो गईं और पानी की निकासी पूरी तरह ठप पड़ गई। हालात ऐसे बन गए कि नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों और दुकानों तक पहुंच गया। इससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने सड़क निर्माण तो कर दिया, लेकिन ड्रेनेज व्यवस्था और नालियों की नियमित सफाई की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया। जगह-जगह नालियों में गाद, मिट्टी और कचरा जमा है, जिससे बारिश का पानी निकलने के बजाय सड़कों और बस्तियों में भर रहा है। बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में घंटों तक जलभराव की स्थिति बनी रही। राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को कीचड़ और गंदे पानी के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि यदि अभी प्री-मानसून में ही यह हाल है, तो मानसून के दौरान शहर की स्थिति और भयावह हो सकती है। इधर केशकाल एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए तत्काल एनएच विभाग के अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि जल्द से जल्द एनएच के नालियों की सफाई शुरू करवाई जा रही है ताकि बारिश के मौसम में नगरवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## दंतेवाड़ा के युवा पत्रकार के. रघु राव को 'राष्ट्रीय समाज सेवा पुरस्कार'



**किरंदुल।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए पहचाने जाने वाले युवा पत्रकार के.रघु राव को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2026 जो जीवरन फाउंडेशन द्वारा पत्रकारिता, जन-जागरूकता और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। फाउंडेशन द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में कहा गया है कि नक्सल प्रभावित जिला दंतेवाड़ा और दुर्गम बस्तर क्षेत्र में पत्रकारिता करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके बावजूद के.रघु राव ने सच्चाई, निर्भीकता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता के मूल्यों को जीवित रखा है। संस्था ने यह भी बताया कि उन्होंने आदिवासी समाज, ग्रामीण जनता और हाशिए पर खड़े लोगों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तथा मुख्यधारा तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी पत्रकारिता को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया गया है। गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय सम्मान 15 मई 2026 को जारी किया गया। के. रघु राव ने डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बस्तर चौपाल नामक डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म की स्थापना की, जो दंतेवाड़ा व बस्तर संभाग की संस्कृति, लोककला, आदिवासी जीवन और सकारात्मक बदलावों को देश-दुनिया तक पहुँचा रहा है। 'बस्तर चौपाल' के माध्यम से दंतेवाड़ा व बस्तर के पर्यटन स्थलों, लोकगीतों, संस्कृतिक धरोहर, युवाओं की उपलब्धियों और सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाया गया है, जिससे क्षेत्र की सकारात्मक छवि को मजबूती मिली है। इसके अलावा, के. रघु राव पत्रकारों के हितों के लिए भी लगातार सक्रिय रहे हैं। राजधानी रायपुर तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पत्रकार साथियों को न्याय हेतु व पत्रकार संघर्ष में शामिल होकर उन्होंने हमेशा अपनी दायित्व निभाई है।

उन्हें श्रमजीवी पत्रकार संघ, दंतेवाड़ा जिला में सह-कार्यालय सचिव पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। के. रघु राव को यह सम्मान मिलने पर दंतेवाड़ा सहित पूरे बस्तर संभाग में खुशी की लहर है। स्थानीय पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मित्रों और नागरिकों ने इसे बस्तर एवं दंतेवाड़ा की पत्रकारिता के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

## किरंदुल में महिलाओं द्वारा मनाया गया बट सावित्री व्रत




**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल के विभिन्न स्थान जैसे श्री राघव मंदिर, गजराज कैम्प, बंगाली कैम्प, धरमपुर कैम्प, मेन मार्केट में सावित्री व्रत का पालन किया गया। गौरतलब हैं प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या को बट सावित्री व्रत मनाया जाता है।बता दें किरंदुल में महिलाओं ने वट वृक्षों की पूजा अर्चना कर अपने पति के लिए लंबी आयु की कामना किये। राघव मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा का विधान है,महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए विशेष पूजा करती हैं।

## मुलमुला धान खरीदी केंद्र में 1.53 करोड़ की गड़बड़ी, चार कर्मचारियों को नोटिस



**कोंडागांव।** जिले के मुलमुला धान खरीदी केंद्र में धान उपार्जन में बड़ी अनियमितता सामने आई है। खाद्य शाखा एवं कलेक्टर कार्यालय की जांच में ऑनलाइन रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन के बीच भारी अंतर पाया गया। जांच के दौरान 4936.17 क्विंटल धान की फर्जी खरीदी उजागर हुई, जिससे शासन को लगभग 1.53 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। मामले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। प्रशासन ने समिति प्रबंधक गोविंद मंडल, खरीदी प्रभारी कुमंता पटेल, कंप्यूटर ऑपरेटर रीना कौशिक और बारदाना प्रभारी आकाश देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। घटना के बाद जिले की धान खरीदी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

## नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा नगरीय निकायों एवं नगर पंचायतों के उप निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न क्षेत्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। जारी आदेशानुसार कार्यपालन दण्डाधिकारी चारामा सत्येन्द्र शुक्ला एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी लखनपुरी हेमलता सलाम को नगर पंचायत चारामा एवं ग्राम पंचायत सीमा क्षेत्रों के लिए सेक्टर मजिस्टेऊट नियुक्त किया है। इसी प्रकार कार्यपालिक दण्डाधिकारी पखांजूर केतन कुमार भोयर एवं विकास कुमार सैनी को नगर पंचायत पखांजूर सीमा एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों के लिए, कार्यपालिक दण्डाधिकारी नरहरपुर पुष्पराज पात्र एवं भाग्यश्री गंवरे को ग्राम पंचायत नरहरपुर सीमा क्षेत्रों के लिए, कार्यपालिक दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर सुरेन्द्र उर्वशा एवं प्रवीन नेताम को ग्राम पंचायत भानुप्रतापपुर सीमा क्षेत्रों के लिए, कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्गूकोंदल कुलदीप ठाकुर एवं सुमित कुमार देवांगन को ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल सीमा क्षेत्रों के लिए और कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोयलीबेड़ा सूरज साहू को ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा सीमा क्षेत्रों के सेक्टर मजिस्टेऊट नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र के कानून व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहेंगे। तथा प्रतिदिन उल्लेखित घटना की जानकारी संबंधित अनुभाग क्षेत्र के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अनिवार्य रूप से भेजेंगे। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पुलिस अधिकारी की ड्यूटी हेतु पुलिस अधीक्षक कांकेर द्वारा व्यवस्था की जाएगी।

## शोढ़-सिवनी मार्ग जर्जर, ग्रामीणों ने निर्माण गुणवत्ता जांच की मांग उठाई




**कोंडागांव।** जिले के माकड़ी विकासखंड अंतर्गत शोढ़-सिवनी मार्ग की हालत बदहाल हो गई है। सड़क के पूरी तरह जर्जर होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण सड़क कुछ ही समय में उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना कई गांवों के लोग गुजरते है, लेकिन खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा शीघ्र मरम्मत की मांग प्रशासन से की है।

विशेष अभिषेक, सुंदरकांड, हवन और महाभंडारे के साथ मनाया गया भगवान शनिदेव का अवतरण दिवस

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब





**दंतेवाड़ा।** न्याय के देवता एवं सूर्यपुत्र भगवान शनिदेव की जयंती शनिवार को नगर स्थित शनि मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। शनि जयंती के पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस वर्ष शनि जयंती शनिवार के दिन पड़ने से इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को भगवान शनिदेव का अवतरण दिवस माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पूजा-अर्चना करने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैया से राहत मिलती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**भव्य शोभायात्रा के साथ कराया गया नगर भ्रमण**-शनि जयंती के एक दिन पूर्व शुक्रवार शाम भगवान शनिदेव की सुसज्जित प्रतिमा को पुष्पों से सजे वाहन में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूजा-अर्चना कर भगवान के दर्शन किए। पूरे नगर का भ्रमण करने के पश्चात देर शाम भगवान शनिदेव पुनः मंदिर पहुंचे, जहां विशेष पूजा और आरती संपन्न हुई।

**पंचामृत और तिल के तेल से हुआ विशेष अभिषेक**-शनिवार प्रातः 6 बजे शुभ मुहूर्त में भगवान शनिदेव का दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत, तिल के तेल तथा गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद शनि चालीसा का पाठ और 32 दीपों से महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना की।

**धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय हुआ वातावरण**-सुबह 9 बजे से मंदिर समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, सत्संग और हवन का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के बाद संध्या बेला में श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

**शनिदेव को माना जाता है कर्मफल का न्यायाधीश**-मंदिर के मुख्य पुजारी विभूषि भूषण मिश्र ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शनिदेव का जन्म सूर्यदेव एवं माता छाया से हुआ था। कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें ग्रहों में सर्वोच्च स्थान प्रदान करते हुए मृत्युलोक का न्यायाधीश नियुक्त किया। शनिदेव मनुष्यों को उनके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं।उन्होंने बताया कि भगवान शनिदेव को मकर और कुंभ राशि तथा पुष्य, अनुराधा और उत्तराभाद्रपद नक्षत्रों का अधिपति माना जाता है। शनि जयंती पर श्रद्धापूर्वक पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**श्रद्धालुओं ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद**-दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने तेल, काला तिल, उड़द और दीप अर्पित कर भगवान शनिदेव से न्याय, शांति और समृद्धि की कामना की। संपूर्ण वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा।

